संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

01/01/2019

संदेश

नव वर्ष के शुभागमन पर सभी सेवारत एवं सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षणेत्तर साथियों, उनके परिवारजनों, सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनायें अर्पित करते हुये उनके स्वस्थ, मंगलमय व सुखमय जीवन की कामना करता हूँ। आशा करता हूँ कि नया वर्ष हमारे जीवन में नई उम्मीदों व नई ऊर्जा के साथ कर्मक्षेत्र में अग्रसर होने को प्रेरित करेगा।

केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है और मुझे इस बात का गर्व है कि गत वर्ष हमारे कर्मठ साथियों के कठिन परिश्रम एवं लगन से विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित हुये। यह सच्चाई है कि जब आप शिखर पर पहुँचते हैं तब आपकी चुनौतियाँ भी और अधिक बड़ी होती हैं। मेरा मानना है कि आने वाले समय में हम उन बड़ी अपेक्षाओं के अनुरूप अपने को स्थापित करने में तभी सक्षम होंगे जब हम स्वयं को सदैव अद्यतन करते हुये अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा व समर्पण से संलग्न रहें।

मुझे विश्वास है कि छात्रों व अभिभावकों के सहयोग से, हमारे शिक्षक भविष्य की चुनौतियों के लिए संपूर्ण रूप से तैयार हैं ताकि हम विद्यालयों में ज्ञान के साथ - साथ विद्यार्थियों का जीवन कौशल, नैतिक मूल्यों व संस्कारों से भी साक्षात्कार करा सकें जो एक जिम्मेदार नागरिक के व्यावहारिक जीवन हेतु अपरिहार्य हैं।

एक बार पुन: नव वर्ष की मंगलकामना।

संतोष

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त